कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
मुख्य कार्यालय/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110066
Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

"वेब परिचालन"

सं: क.भ.नि.सं./मुख्यालय/राजभाषा निरीक्षण/'क'क्षेत्र/2024/1243 दिनांक: 14.02.2025

सेवा में,

सभी अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्या.) /
अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (अंचल)/ निदेशक, पीडीनास,

विषय: वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार निरीक्षण करने के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

विदित है कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित निरीक्षण आवश्यक है । अत: इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु वार्षिक कार्यक्रम में यथा निर्धारित, वर्ष के दौरान अपने अधीनस्थ कार्यालयों का न्यूनतम 25% निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है ।

आंचलिक कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने अंचल में तैनात राजभाषा कर्मियों अर्थात उप निदेशक (राजभाषा) / सहायक निदेशक (राजभाषा) और वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी / कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के समन्वय के साथ अपने अधीनस्थ कार्यालयों के निरीक्षण करें। किसी भी असमंजस की स्थिति में मुख्यालय से संपर्क करें । साथ में, यह भी अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष के अंत यानी मार्च तक निरीक्षण संबंधी स्थिति रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाएं ।

(अपर केंद्रीय भ.नि.आयुक्त (मुख्या.)/प्रभारी राजभाषा के अनुमोदन से जारी)

भवदीया,

(वीणा रानी यादव)
निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि:

क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्त (एन.डी.सी.) को वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ ।